RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि


हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 122 • 15:05:2024 • बुधवार • मूल्य : 5/-

गाजा में युद्ध नहीं रुका तो...

## यूएन में भारत ने इजरायल-हमास दोनों को सुनाया

**जिनेवा (एजेंसी)।** गाजा में मानवीय संकट को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में खुलकर निंदा की है। भारत ने कहा कि किसी भी स्थिति में नागरिकों की मौत को स्वीकार नहीं किया जा सकता। यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि जिस तरह से



हमास और इजरायल के बीच जारी युद्ध में आम जनता पिस रही है वह आने वाले समय में बड़े संकट की चेतावनी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 10वें आपातकालीन विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा, सात महीने से गाजा में युद्ध चल रहा है। ऐसे में बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो गया है जो कि लगातार बढ़ता जा रहा है। अभी यह संकट और भी बड़ा रूप ले सकता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव संख्या 2728 को स्वीकार करना एक सकारात्मक पहल हो सकती है। उन्होंने कहा, भारत ने कई मौकों पर युद्ध का विरोध किया है। इसमें से एक इजरायल और हमास के बीच का युद्ध भी है जिसमें बड़ी संख्या में आम लोगों की जान चली गई है।

## एल्गार परिषद केस में नवलखा को मिली जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एल्गार परिषद–माओवाद संबंध मामले में कार्यकर्ता गौतम नवलखा को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी ने मामले में नवलखा की जमानत पर लगी बंबई उच्च



न्यायालय की रोक बढ़ाने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने नवलखा को नजरबंदी के दौरान सुरक्षा के लिए खर्च के तौर पर 20 लाख रुपये का भुगतान करने का निर्देश भी दिया। पीठ ने कहा, हम रोक नहीं बढ़ाना चाहते क्योंकि उच्च न्यायालय के आदेश में जमानत देने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया है। सुनवाई पूरी होने में कई वर्ष लग जाएंगे। विवादों पर विस्तार से गौर किए बिना, हम रोक की अवधि नहीं बढ़ाएंगे। प्रतिवादी 20 लाख का भुगतान करे।

## संदेशखाली के स्टिंग वीडियो की जांच पर संदेह

- एक महिला ने सुप्रीम कोर्ट का खटखटाया दरवाजा

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान संदेशखाली का मुद्दा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब संदेशखाली की एक महिला ने हालिया स्टिंग वीडियो और तीन महिलाओं द्वारा दर्ज की गई रेप की शिकायतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। महिला की मांग है कि संदेशखाली में हालिया घटित इन सभी



घटनाओं की अदालत की निगरानी में जांच होनी चाहिए। यह महिला वही हैं, जिन्होंने पहले दावा किया था कि उन्हें कोरे कागज पर साइन करने के लिए मजबूर किया गया था। सोमवार को बंगाल के महाधिवक्ता किशोर दत्त ने कलकत्ता हाई कोर्ट के सामने महिला की इस याचिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सप्ताह तक मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।

# अद्भुत! ब्रह्मांड में नजर आया 'भगवान का हाथ'

## नासा की तस्वीर देखकर हैरान रह गए लोग, करने लगे चर्चा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने ब्रह्मांड की ऐसी तस्वीरा जारी की है जिसे लोग हैरान रह गए। यह तस्वीर डार्क एनर्जी कैमरे से ली गई है जिसमें एक हाथ जैसी आकृति दिखाई देती है जो कि एक स्पाइरल गैलेक्सी की तरफ बढ़ती दिखाई देती है। नासा के मुताबिक यह क्लाउड्स और धूल कड़ों का स्ट्रक्चर है। हालांकि ब्रह्मांड में इस तरह की नायाब आकृति देखकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि क्या सच है कि अंतरिक्ष में भगवान के दर्शन हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यह तस्वीर 6 मई 2024 को ली गई थी। नासा अक्सर ब्रह्मांड की खूबसूरत तस्वीरें शेयर करता रहता है और इनका रहस्य भी बताता रहता है। लाइव साइंस की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बार की तस्वीर बेहद खास है। इस तस्वीर



में एक मुट्ठी की तरह की आकृति दिखाई दे रही है। ऐसा लगता है कि स्पाइरल गैलेक्सी को पकड़ने जा रही है। नासा ने बताया कि यह तस्वीर नेबुला की वजह से बनी है। दरअसल तारे के टूटने से यह नेबुला बना है। नासा ने बताया कि इसे गम नेबुला कहते हैं। इसकी दूरी से पृथ्वी से करीब 1300 प्रकाश वर्ष है। इसके अलावा इसमें गैस और धूल से बना हुआ बादल है। इसकी आकृति धूमकेतु से मिलती जुलती है इसलिए इसे कॉमेट्री नेबुला भी कहा जाता है। यह हाथ के आकार में ब्रह्मांड में फैला हुआ है इसलिए इसे भगवान के हाथ के रूप में जाना जाता है। इस तस्वीर में एक सिर और लंबी पूछ भी देखी जा सकती है। ऐसा लगता है कि कोई मुंह आकाश गंगा को खाने जा रहा है। वैज्ञानिकों का कहा है कि यह सितारों के जन्म की घटना है।




चाणक्य भूमि परिवार इनके निधन पर शोक व्यक्त करता है

अजित कुमार सिन्हा

सम्पादक

# तीसरे कार्यकाल में देश से नक्सल आतंक खत्म करेंगे: पीएम मोदी

कहा-झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे, चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा

**गिरिडीह (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गिरिडीह में सभा को संबोधित किया। वाराणसी सीट से नामांकन के बाद प्रधानमंत्री की ये पहली सभा थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में नक्सली सिर उठाते थे। बीजेपी की सरकार ने नक्सलियों को ठिकाने लगा दिया। मोदी को टकराना आता है। झारखंड में नक्सलियों का दायरा सिकुड़ गया है। आतंक हो या नक्सलवाद मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में इन पर बहुत बड़ा प्रहार करने का संकल्प ले चुका है। नक्सलवाद ने कई माताओं के सपने कुचल दिए है। पीएम ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा हूं। ये तो शुरुआत है। मैं आगे और खजाने खोजने वाला हूं। चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा। नींद भी उड़ा दूंगा और खजाने खाली कर दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं देश हित में काम कर रहा हूं तो



जेएमएम-कांग्रेस वाले डरे हुए हैं। इंडी गठबंधन के नेता ने मुझे गोली मारने की बात कही थी। ये जो गोली मारने के सपने देख रहे हैं, जरा यहां आइए ये नजारा देखिए। गोली मारने वालों ये भीड़ मेरी सुरक्षा कवच है।

### भ्रष्टाचार और परिवारवाद के मुद्दे पर इंडी गठबंधन को घेरा

पीएम ने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस, लेफ्ट भ्रष्टाचार और परिवारवाद समेत सभी समस्याओं की जड़ है। मैं इन सारी समस्याओं से भारत को मुक्त करवाऊंगा। झारखंड में इंडी गठबंधन से जुड़े नेताओं के घर में करोड़ो रुपए कैश मिल रहे है। ये तो अभी शुरुआत है, मैं तो अभी और भी ज्यादा खजाना खोजने वाला हूं। मैं उनके खजाने को खाली कराऊंगा। कोई चोरी नहीं कर सकता है। इसलिए ये मोदी को गोली मारने की बात करते है। पीएम ने कहा कि झारखंड के नेता नोटों के पहाड़ उगा रहे हैं। अफसर, नौकरों के यहां से पैसे निकल रहे हैं। ये जो भी करते हैं शाही परिवार के इशारे पर। ये पैसा मंत्रियों के यहां पहुंच रहा हूं। ये तो शुरुआत है मैं आगे और खजाने खोजने वाला हूं। चोरों को चैन से सोने नहीं दूंगा। नींद भी उड़ा दूंगा और खजाने खाली कर दूंगा। अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि जब देश में एक मजबूत सरकार होती है, तो वो सबसे पहले देश का हित देखती है, देश के लोगों का हित देखती है। लेकिन, जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है, तो वो देश को भी कमजोर कर देती है।

मिशन लोकसभा

## दक्षिण और पश्चिम में खत्म हुई चुनावी लड़ाई

अब यूपी समेत उत्तर भारत पर है सबकी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चौथे चरण के चुनाव खत्म होते ही अब राजनीतिक अखाड़ा दक्षिण और मध्य भारत से निकलकर उत्तर की तरफ शिफ्ट हो गया है। अब राजनीतिक दलों ने भी उत्तर के राज्यों में फोकस बढ़ा दिया है। आगामी तीन चरणों में उत्तर प्रदेश की 41 सीटों पर मतदान होना है। इसमें उत्तर प्रदेश की कई हॉट सीट्स जैसे कि वाराणसी, गोरखपुर आजमगढ़, बलिया और गाजीपुर शामिल



है। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा था। इनमें से ज्यादातर सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। पश्चिम बंगाल में भी कुल 42 में से अभी 24 सीटों पर मतदान बाकी है। पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी के बीच कड़ी टक्कर बताई जा रही है। कई केंद्रीय मंत्री भी पश्चिम बंगाल के चुनाव प्रचार में उतरे हैं। वहीं टीएमसी की अगुआई खुद ममता बनर्जी कर रही हैं। बिहार की बात करें तो अभी 40 में से 21 सीटों पर वोटिंग बाकी है। 2019 के चुनाव में एनडीए ने 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना में रोड शो किया। पटना लोकसभा सीट पर 1 जून को मतदान होना है। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी अभी बिहार में कई जनसभाएं करेंगे। वहीं विपक्षी आरजेडी की तरफ से तेजस्वी यादव चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

## गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में पकड़े गए अलकायदा आतंकी

- भारत में रहकर रच रहे थे साजिश, बांग्लादेश से है दोनों का कनेक्शन

**सिलचर (एजेंसी)।** असम पुलिस की स्पेशल टीम को गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अलकायदा से जुड़े दो बांग्लादेशी आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि ये आतंकी गुजरात से यहां आए और सिलचर जा रहे थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इनका मकसद असम में आतंकी नेटवर्क फैलाना था। ये दोनों बिना पासपोर्ट के अवैध रूप से भारत में लंबे समय से रह रहे थे। असम पुलिस के सूत्रों के अनुसार, आतंकवादियों की पहचान बहार मिया (30) और राचेल मिया (40) के रूप में हुई है। ये दोनों अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के सदस्य हैं और गुजरात से आए थे, सिलचर की ओर जा रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि टीम ने खुफिया जानकारी के आधार पर सोमवार शाम गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर एक अभियान चलाया और दोनों को एक ट्रेन से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें विशेष शाखा की हिरासत में ले लिया गया है।

## चाबहार पोर्ट डील पर खिसियाया अमेरिका, भारत को दे दी धमकी

- कहा-भारत विदेश नीतियों पर खुद फैसला करे, लेकिन ईरान से व्यापार बढ़ाया तो बैन का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-ईरान के बीच चाबहार पोर्ट डील साइन होने के बाद अमेरिका ने वॉर्निंग दी है। अमेरिका ने कहा है कि ईरान से व्यापार करने की वजह से भारत पर पाबंदियों का खतरा रहेगा। दरअसल, अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल से सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान चाबहार पोर्ट की डील पर सवाल किया गया। इस पर जवाब देते हुए पटेल ने कहा, हमें जानकारी मिली है कि ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विदेश नीतियों और दूसरे देशों के साथ अपने रिश्तों पर भारत खुद फैसले करेगा, लेकिन जो भी देश ईरान के साथ व्यापार में शामिल होगा, उस पर प्रतिबंध लगने का खतरा बना रहेगा। भारत ने सोमवार को ईरान के चाबहार में शाहिद बेहेशती पोर्ट को 10 साल के लिए लीज पर लेने से जुड़ी डील की। इस समझौते के लिए भारत से केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल को ईरान भेजा गया था।



भारत और ईरान दो दशक से चाबहार पर काम कर रहे हैं। अब पोर्ट का पूरा मैनेजमेंट भारत के पास होगा।जाएगा। इससे पाकिस्तान की जरूरत भी खत्म हो जाएगी।

## पतंजलि को लगवाई थी फटकार, आज खुद को लगी लताड़

- सुप्रीम कोर्ट ने आएमए चीफ की बखिया उधेड़ दी, खूब सुनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। पतंजलि आयुर्वेद को गलत विज्ञापन के मामले में सुप्रीम कोर्ट घसीटने वाली संस्था इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसीडेंट डॉ. आरवी अशोकन को मंगलवार को कड़ी फटकार लगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक इंटरव्यू में अशोकन की टिप्पणियों के लिए उन्हें कड़ी फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने आज कहा कि हालांकि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने वालों की लिस्ट में पहले पायदान पर खड़ा है, लेकिन ऐसे समय भी आते हैं जब आत्म-संयम होना चाहिए। जस्टिस हिमा कोहली और अमानुल्लाह की पीठ ने आज अशोकन को फटकार लगाते हुए कहा, हम आपसे अधिक जिम्मेदारी की भावना की उम्मीद करते थे...आप इस तरह प्रेस में कोर्ट के खिलाफ अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकते।

मीलॉर्ड...हमारी सुनो

## इन दो मसलों पर हुई है भूल, दर्ज करें हमारी अपील

- फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा ईवीएम-वीवीपैट का मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में एक समीक्षा याचिका दायर की गई है। इसमें ईवीएम-वीवीपीएटी मामले में 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले को चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में ईवीएम में दर्ज वोटों को 100 परसेंट वीवीपीएटी पर्चियों के साथ मिलान की मांग को खारिज कर दिया था। अब अरुण कुमार अग्रवाल ने 26 अप्रैल के फैसले में हुई त्रुटियों का हवाला देते हुए टॉप कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। वकील नेहा राठी के माध्यम से दायर इस समीक्षा याचिका में कहा गया है कि 26 अप्रैल के फैसले में सिम्बल लोडिंग यूनिट्स में



छेड़छाड़ और उनके ऑडिट की आवश्यकता को नजर अंदाज किया गया है। अग्रवाल ने अपनी याचिका में दावा किया है कि इसमें आवश्यक तस्वीरों से परे अतिरिक्त डेटा की संभावना को अदालत ने नजर अंदाज कर दिया था। अग्रवाल ने अपनी याचिका में यह भी कहा है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले में गलती से यह भी दर्ज किया गया है कि ईवीएम वोटों के साथ मिलान के लिए गिने जाने वाले वीवीपैट पर्चियों का प्रतिशत 5 फीसदी है, जबकि यह 2 फीसदी से भी कम है। याचिकाकर्ता ने कहा 100 फीसदी मिलान कराया जाय तो चुनाव परिणाम घोषित होने में देरी होगी।

दिल्ली शराब नीति केस

## हाईकोर्ट में ईडी बोली-हम एएपी को बनाएंगे आरोपी

- सिसोदिया की जमानत याचिका पर एचसी में सुनवाई
- वकील बोले-एजेंसियां लोगों को गिरफ्तार कर रही हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति केस में अब आम आदमी पार्टी (एएपी) को भी आरोपी बनाया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार 14 मई को दिल्ली हाईकोर्ट में ये मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये बात कही। सिसोदिया के वकील ने कहा कि ईडी और सीबीआई सिर्फ लोगों को गिरफ्तार कर रही है। ट्रायल के दौरान उनसे कोई सवाल नहीं होते। ईडी के वकील ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा कि मामले



की अगली चार्जशीट में हम (एजेंसी) ईडी को भी सह-आरोपी बनाएंगे। वहीं, ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में सिसोदिया की जमानत का विरोध किया। सिसोदिया की 8 मई को हुई पिछली सुनवाई में ईडी और सीबीआई के वकीलों ने जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से कहा था कि हमें जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसबी ने सीमा मित्रों के साथ की बैठक



**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर।** इंडो नेपाल बॉर्डर के गंडक बराज पर स्थित एसएसबी 21वीं वाहिनी बी कंपनी के कैंप परिसर में सोमवार की देर शाम कंपनी कमांडर व इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मंडल की अध्यक्षता में बॉर्डर क्षेत्र में रहने वाले सीमा मित्रों के साथ लोकसभा चुनाव में सुरक्षा में सहयोग, आगजनी से बचाव, सर्पदंश से बचने के उपाय, नागरिक कल्याण योजनाओं में युवाओं के लिए रोजगार एवं चिकित्सा शिविर लगाने जैसे मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अहम बैठक की गई। बैठक में सहायक उपनिरीक्षक अंग्रेज सिंह, संतपुर सोहरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार महतो, वाल्मीकिनगर पंचायत के उप मुखिया रवि प्रकाश गुप्ता, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव,सरपंच मैनुद्दीन अंसारी एवं लगभग 20 की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए कंपनी कमांडर प्रदीप कुमार मंडल ने कहा कि, 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में बॉर्डर क्षेत्र में अशांति न फैले ,एवं अवैध गतिविधि का संचार ना हो, इस पर हमें ग्रामीणों की सहयोग की आवश्यकता है। अगर ग्रामीण हमें अवैध गतिविधि करने वाले एवं अशांति फैलाने वालों का सूचना देते हैं , तो हम उनके नाम को गुप्त रख अशांति फैलाने वालों पर शिकंजा कस सकते हैं। दूसरी और ग्रामीणों ने भी सब के तरफ से समय-समय पर नागरिक कल्याण के तहत पशु चिकित्सा शिविर एवं मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन करते रहने के लिए अधिकारियों से मांग की। वाल्मीकि नगर में सर्प डांस विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी है जिसके कारण यहां सर्पदंश का इलाज नहीं हो पता है।। इसके ऊपर भी एसएसबी का ध्यान केंद्रित कराया गया।

### भाजपा कार्यालय में सुशील मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व बिहार भाजपा के कद्दावर नेता रहे सुशील मोदी जी के आकस्मिक निधन पर लोकसभा कार्यालय में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।**

**चाणक्य भूमि बेतिया।** भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे सुशील मोदी जी का अमूल्य योगदान रहा है।वे संघ के निष्ठावान स्वमसेवक व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वो का निर्वहन अच्छे से किया है।आपातकाल का पुरजोर विरोध करते हुए,उन्होंने छात्र राजनीति से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वे बेहद मेहनती और मिलनसार व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। राजनीति से जुड़े विषयों को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी थी। उन्होंने एक प्रशासक के तौर पर भी काफी सराहनीय कार्य किए।

पूर्व विधायक राजन तिवारी ने कहा कि उनके निधन से एक जागृत सामाजिक कार्यकर्ता वह कुशल राजनीतिक नेता को हमने खोया है।वे सार्वजनिक जीवन मे सैद्धान्तिक निष्ठा व पारदर्शिता के आदर्श उदाहरण थे।मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, जदयू के वरिष्ठ नेता अनिल झा,जिला उपाध्यक्ष विभय रंजन चौबे व रवि सिंह,राजन सोनी,कार्यालय प्रभारी संजय पांडे,धर्मेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव,बबुआ जी दुबे,आशीष गुप्ता,किशन श्रीवास्तव, संजय यादव,आकाश श्रीवास्तव, सुजीत ठाकुर,राधेश्याम पटेल,रणधीर वर्मा,नीरज तिवारी,सूरज कुमार,सत्येन्द्र कुमार,जितेंद्र ठाकुर,कार्तिकेय मिश्रा, उदय यादव सहित सिकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### शादी में लूटपाट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**चाणक्य भुमि बैरिया।** बैरिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मथौली से बारात में दुल्हन के आभूषण लूटपाट व मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि बीते 23.4.2024 को थाना क्षेत्र के मथौली निवासी संजीव पटेल के आवेदन पर एफआईआर दर्ज की गई है। दिए आवेदन में उन्होंने पुलिस को बताया था कि मेरी लड़की पूजा कुमारी की बारात आया था। तभी गांव के ही बंधु महतो,सूरज महतो,दीपक महतो,सूरज कुमार,बबलू महतो,सेठ महतो,दिलु महतो,रामाज्ञा महतो, नंदू महतो सहित अन्य अज्ञात लोगों ने हरवे हथियार से लैस होकर मेरे आंगन में स्थित माडो में आकर बारातियों व मेरे घर वालो के साथ मारपीट करने लगे तथा दुल्हन के आभूषण एव कपड़ा समेत सभी समान लूटपाट कर भाग गए। और मेरे परिवार के महिलाओं व सदस्यों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जिसकी सुचना 112 पुलिस को दिया गया। सुचना पर पहुची पुलिस को देख सभी आरोपी भागने के क्रम में दुल्हे के गाड़ी को ईट पत्थर व लाठी डंडे से मारपीट कर छती ग्रस्त कर दिया। उक्त मामले के आरोप में एक आरोपी बन्धु उर्फ सोनू महतो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया आज मंगलवार के दिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### चीन को भी चूड़ी पहना दें पीएम : तेजस्वी यादव

**पटना।** पीएम मोदी के बयान- पाकिस्तान चूड़ी नहीं पहना हुआ है तो चूड़ी हम पहना देंगे... पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम चूड़ी चीन को भी पहना दें। फिर पूछा- चीन को क्यों नहीं पहनाते हैं, डर लगता है। तेजस्वी ने पीएम के पटना रोड शो के दौरान सीएम नीतीश कुमार के हाथ में कमल के निशान वाला हैंड बैनर लेने पर कटाक्ष करते हुए कहा- उनकी स्थिति को देखकर बहुत लोग दुखी थे। सीएम का बॉडी लैंग्वेज देखकर लग रहा था कि जबरदस्ती उनके हाथ में कमल थमा दिया गया है। तेजस्वी ने कहा कि जब वे उनके साथ थे तो विधानसभा में हमसे चाचा ने कहा था कि जो 2014 में आए (भाजपा) हैं वह 2024 में जाएंगे। हम उसी के तहत काम कर रहे हैं और ऐसा लगता है कि नीतीश जी भी यही चाहते हैं। हाजीपुर सभा में पीएम के भावुक होने पर तेजस्वी ने पूछा- दिल्ली में रामविलास जी की मूर्ति किसने फेंकवाई थी, घर किसने खाली करवाया था, किसने पार्टी का सिंबल छिनवाया था।

# फेसबुक पोस्ट को लेकर बीजेपी और वीआईपी आमने-सामने

एजेंसी, पटना।

सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आमने-सामने हैं। पटना के कोतवाली थाने में सम्राट चौधरी के समर्थकों ने मुकेश सहनी और वीआईपी पार्टी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बीजेपी का आरोप है कि वीआईपी के ऑफिशल फेसबुक पेज पर एक फोटो पोस्ट किया गया है। जिसमें मुकेश सहनी और सम्राट चौधरी एक साथ दिखाई दे रहे हैं। जो कि गलत है। फोटो एडिट करके लगाया गया है। इस तरह के पोस्ट से लोगों के बीच गलत मैसेज जाता है। सम्राट चौधरी की छवि धूमिल करने के लिए भ्रामक खबर फैलाई जा रही है। ऐसे में वीआईपी अध्यक्ष मुकेश सहनी, उनके सलाहकार और पार्टी की वेबसाइट और फेसबुक को हैंडल करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

- सम्राट चौधरी-मुकेश सहनी के समर्थकों ने दर्ज कराई शिकायत, छवि धूमिल करने का आरोप

**सम्राट चौधरी ने झूठी खबर फैलाई है- देव ज्योतिः** वहीं, दूसरी ओर कंकड़बाग थाने में वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने सम्राट चौधरी के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। आरोप है कि अशोक कुमार चौहान जो कभी पार्टी के सदस्य नहीं रहे हैं। उनकी तस्वीर के साथ विकासशील इंसान पार्टी का सदस्य बताते हुए सम्राट चौधरी ने झूठी खबर फैलाई है। व्यक्तिगत फेसबुक साइट से साजिशन पोस्ट किया गया है, जो अपराध है। बहरहाल दोनों थाने की पुलिस प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।




## मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन में हुआ विस्तार

एजेंसी, हाजीपुर।

- हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते चलाई जा रही ट्रेन

मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है। इसकी जानकारी हाजीपुर पूर्व मध्य रेल के मुख्य जन संपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को बताया है। हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज-छिवकी-जबलपुर के रास्ते चलाई जा रही वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। इससे रेल यात्रियों को सुविधा अनुसार सफर तय करने में सहूलियत होगी।

**ट्रेन विस्तार की सूची जारीः** अब गाड़ी सं.07309 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 15.05.2024 से 12.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को वास्को द गामा से शाम 16 बजे खुलकर शुक्रवार को 7.00 बजे पाटलिपुत्र रुकते हुए 09.45 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं.07310 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा समर स्पेशल 18.05.2024 से 15.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे खुलकर 14.45 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए सोमवार को 06.30 बजे वास्को द गामा पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 1, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 1, तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी के 2, शयनयान श्रेणी के 10 और साधारण श्रेणी के 4 कोच हैं।

## लगातार पासिंग परसेंटेज गिर रहा, रैंकिंग में पिछड़ा पटना जोन

एजेंसी, पटना।



तीन वर्षों में पटना जोन सबसे निचले स्तर पर, 12वीं में इस वर्ष 83.59% रिजल्ट है और यह 12वें स्थान पर है, 2023 में 85.47% रिजल्ट के साथ पटना जोन 10वें स्थान पर था सीबीएसई दसवीं व बारहवीं दोनों के रिजल्ट में पटना जोन की रैंकिंग पिछड़ रही है। 12वीं में इस वर्ष 83.59 प्रतिशत रिजल्ट है और यह 12वें स्थान पर है। इससे पहले 2023 में 85.47 प्रतिशत रिजल्ट के साथ पटना जोन 10वें स्थान पर था और 2022 में 91.20 प्रतिशत रिजल्ट के साथ 11वें स्थान पर था। 2021 में सबसे अधिक रिजल्ट में गिरावट हुई थी, हालांकि रिजल्ट 98.91 प्रतिशत था फिर भी पटना जोन 14वें स्थान पर पहुंच गया था। पटना जोन के रिजल्ट में इस वर्ष 2023 की तुलना में 3.29 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी ह और 12वें स्थान पर पहुंच गया है। त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास प्रतिशत के साथ टॉप पर है। दसवीं में भी 2021 के बाद सबसे निचले पायदान पर पटना जोन का रिजल्ट पहुंच गया है। 2021 में 99.66 प्रतिशत के साथ पटना जोन 15वें स्थान पर था, इस वर्ष 2024 में 92.91 प्रतिशत रिजल्ट के साथ पटना जोन 10वें स्थान पर है। 2023 में 94.57 प्रतिशत रिजल्ट के साथ पटना जोन 6ठे स्थान पर था।

## छिनतई में बाइक से गिरी महिला, 50 मीटर घिसटाती गई, 60 की रफ्तार में पर्स छीन रहे थे बाइक सवार झपट्टामार

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।

- चोट से पीड़िता बोल तक नहीं पा रही



मुजफ्फरपुर में छिनतई के दौरान महिला बाइक से गिर गई। झपट्टामारों ने चलती बाइक से महिला का हाथ खींच दिया था। बाइक की रफ्तार करीब 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे के बीच होगी। ऐसे में महिला बीच सड़क पर 50 मीटर दूर तक घसीटा गई। आसपास अन्य गाड़ियां भी रफ्तार में थी। महिला की जान बाल-बाल बची, लेकिन वो बुरी तरह से जख्मी हो गई। चेहरे पर चोट के कारण वो बोल भी नहीं पा रही। महिला अपने देवर और चार साल के बेटे के साथ बाइक से डॉक्टर के पास जा रही थी। महिला को नस की परेशानी है। घर से 27 किमी की दूरी तय कर ली थी। तीन किमी बाद वे लोग डॉक्टर के पास पहुंच जाते। पर रास्ते में बाइक सवार तीन अपराधियों ने चलती बाइक से महिला से छिनतई की। गनीमत रही कि बच्चा और महिला का देवर नहीं गिरा। घटना अहियापुर थाना के झपहांरेल पुल की है।

**स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गयाः** हादसे के बाद देवर तुरंत महिला के पास वापस पहुंचा और स्थानीय लोगों की मदद से उसे skmch भर्ती करवाया। घटना की जानकारी skmch ओपी पुलिस को दी। पुलिस ने अहियापुर थाना में मामला दर्ज करवाने को कहा है। घोसौता गांव निवासी पीड़ित महिला अफसाना खातून है। जो अपने देवर मो. क्यामुद्दीन और अपने बेटे मो. रिजवान के साथ सफर कर रही थी। अफसाना ने अपने पर्स में 10 हजार रुपए रखे थे। इसके अलावा डॉक्टर का पुर्जा समेत अन्य कागजात थे। जो अपराधी झपट्टा मार ले गए।

**अपाची से तीन बदमाश आए थेः** महिला के देवर मो. क्यामुद्दीन ने कहा कि मैं अपनी भाभी और भतीजे को डॉक्टर के पास लेकर शहर जा रहा था। इसी दौरान झपहांरेल पुल पर अपाची सवार तीन अपराधी पर्स और मोबाइल छीनने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान भाभी बाइक से गिर गई और सड़क पर घसीटाते चली गई। एसकेएमसीएच में भर्ती कराया है। चेहरे पर काफी गंभीर चोट लगी है। अहियापुर थाना की पुलिस ने बताया कि घटना जानकारी मिली है। हमलोग परिजन के आवेदन पर कार्रवाई करेंगे।

# तेजप्रताप बोले-खुद को बचाने के लिए मजबूरन साइड किया

- मां और बहन के बीच आकर दे रहा था धक्का, मेरे हाथ में लगी है चोट

एजेंसी, पटना।



सोमवार को लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने मंच पर अपनी ही पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के महासचिव केडी यादव के साथ मंच पर धक्का-मुक्की की। पटना के एसकेएम हॉल में मीसा भारती के पक्ष में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में ये वाकया हुआ। मंच पर लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, रंजन यादव, दीपंकर भट्टाचार्य आदि कई नेताओं का भाषण हुआ और सबसे अंत में धक्का-मुक्की का यह नजारा दिखा था। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद तेजप्रताप यादव ने सफाई दी है। सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- ' ये जो कुछ लोग मेरा एक वीडियो वायरल कर रहे है उनको मैं बताना चाहता हूं कि सिक्के के दो पहलू होते हैं एक तरफ तो देख लिया आप सभी ने, दूसरी ओर हुआ ये था कि प्रत्याशी डॉ.मीसा भारती और मेरी मां साथ में थे, दोनों के बीच में आ के धक्का दे रहा था, मेरा हाथ पहले से जख्मी है और इनके द्वारा धक्का देकर आगे जाने के क्रम में असहाय दर्द महसूस होने पर मुझे खुद को बचाने के लिए अचानक से मजबूरन में इनको साइड करना पड़ा। मेरा मंशा कहीं से भी किन्ही को आहत करने की नहीं रही है। जनता मालिक मेरे लिए सर्वोपरि है, जनता का मान सम्मान ही हमारा कर्म है।'

**सफाई के बाद भी ट्रोल हो रहे तेजप्रतापः** तेजप्रताप यादव ने अपनी सफाई देते हुए एक फोटो भी सोशल मीडिया पर डाला है जिसमें वे राबड़ी देवी के बगल में बैठे हैं और उनके दाएं हाथ में बैंडेंज लगा हुआ दिख रहा है। तेजप्रताप यादव ने सफाई तो दे दी, लेकिन अपनी इस सफाई पर वे ट्रोल भी होते दिख रहे हैं।

## बिहार के सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा, अगले 7 दिन तक लू चलने की संभावना नहीं

- तापमान में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है

एजेंसी, पटना।



बिहार के सभी जिलों में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अभी एक हफ्ते तक राज्य में लू चलने की कोई संभावना नहीं है। लेकिन जिलों के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस वजह से एक बार फिर से गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है। वहीं, 17 मई को पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे सकता है। कई दिनों में बारिश भी हो सकती है।

**अगले 5 दिनों तक तापमान में होगी वृद्धिः** वहीं, मौसम विभाग के अनुसार अगले 5 दिनों तक प्रदेश के अधिकतर जिलों के तापमान में निरंतर वृद्धि देखने को मिलेगी। अधिकतम तापमान 38 से 43 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 22 से 26 डिग्री के बीच रहने की संभावनाएं हैं।

**पटना में आज कैसा रहेगा मौसमः** पटना में आज सुबह से ही कड़ी धूप निकली रहेगी। जिसके कारण से गर्मी का एहसास होगा। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी। सोमवार को पटना का न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री और अधिकतम तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक इस पूरे हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 18 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं, अधिकतम तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमानः** बिहार के अधिकतर जिलों के तापमान में अब बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सोमवार को 39.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा।

गया का अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री, नवादा 38.6 डिग्री, शेखपुरा 37.3 डिग्री, जमुई 37.7 डिग्री, औरंगाबाद 39 डिग्री भोजपुरी 39.2 डिग्री, पटना 35.9 डिग्री इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान भी 40 डिग्री के नीचे रहा है।

# बीजेपी को 55 सीटों से 91 तक लाए सुशील मोदी, पिता का बिजनेस छोड़ पॉलिटिक्स को चुना

एजेंसी, पटना।

2005 में बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में 55 सीटें जीती थीं। तब जेडीयू ने 88 सीटें जीती थीं। भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर सरकार बनाई। इसमें सुशील कुमार मोदी की अहम भूमिका रही। वे सरकार में नंबर-2 और खुद डिप्टी सीएम बने। 2005 में 55 सीटें जीतने वाली बीजेपी 2010 में 91 सीटों पर पहुंच गई। इस दौरान सुशील कुमार मोदी ही पार्टी और सरकार में बीजेपी का चेहरा थे। सुशील मोदी बिहार की सियासत का वो चेहरा जिसने राज्य में पार्टी को सत्ता तक पहुंचाया। उन्होंने अपने पिता की जमी-जमाई रेडिमेड कपड़ों के व्यापार की जगह सियासत के संघर्ष को चुना और अपने बूते सत्ता में एक मुकाम हासिल किया। सुशील मोदी की सत्ता के चारों सदनों विधानसभा, विधानपरिषद, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य बने। अपनी कूटनीति और रणनीति से न केवल भाजपा को सत्ता का सहभागी बनाया बल्कि 2005 से 2013 तक लगातार राज्य के डिप्टी सीएम रहे। 2015 में जब नीतीश कुमार आरजेडी के साथ महागठबंधन में शामिल हो गए तो इस गठबंधन का पतन कर दोबारा एनडीए की सरकार बनाने का क्रेडिट भी सुशील कुमार मोदी को ही दिया जाता है। हालांकि इस दौरान सुशील मोदी ने वो दौर भी देखा जिस पार्टी को उन्होंने ताकत दी, उसी के पोस्टर से उन्हें हटा दिया गया। सुशील मोदी अब नहीं रहे। सोमवार की देर रात वे कैंसर से जिंदगी की जंग हार गए। ऐसे में दैनिक भास्कर की इस स्पेशल रिपोर्ट में जानिए कैसे सुशील मोदी ने भाजपा को बिहार में सत्ता तक पहुंचाया।

**स्कूल के दौरान ही आरएसएस से जुड़ेः** स्कूल के दौरान ही सुशील मोदी आरएसएस से जुड़ गए थे। जब कॉलेज पहुंचे तो यहां उन्होंने छात्र संघ का चुनाव लड़ा। 1973 में पटना यूनिवर्सिटी स्टूडडेंट्स यूनियन के जनरल सेक्रेटरी चुने गए। ये उनके सियासी सफर की औपचारिक शुरुआत थी।



**जेपी आंदोलन के दौरान 5 बार जेल गएः** 1974 में जब जय प्रकाश नारायण ने पटना से केंद्र की इंदिरा सरकार के खिलाफ आंदोलन का आह्वान किया, तब सुशील मोदी पटना यूनिवर्सिटी में M.sc के छात्र थे। जेपी के आह्वान पर उन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी और आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान वे 5 बार जेल भी गए। इमरजेंसी के दौरान जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था तो वह 19 महीने तक लगातार जेल में थे।

**ABVP के राष्ट्रीय नेता बनेः** जेपी आंदोलन के बाद 1977 से लेकर 1986 तक मोदी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अलग-अलग पद पर रहे। इस दौरान उन्हें स्टेट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, ऑल इंडिया सेक्रेटरी, इंचार्ज यूपी एंड बिहार और ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी भी बनाया गया।

**1990 में पहली बार विधायक बनेः** 1990 में सुशील मोदी सुशील मोदी मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स में आ गए। 1990 में वे पहली बार 'पटना सेंट्रल' विधानसभा (अब कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र) से चुनाव लड़े और जीत गए। इसके बाद 1995 और फिर 2000 में लगातार यहां से तीन बार विधायक बने। इस बीच 1996 से 2004 तक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे।

## मुजफ्फरपुर में मतदाताओं को जागरूक करेंगी मैथिली ठाकुर

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।

मुजफ्फरपुर जिले में लोक चुनाव में वोटर भागदारी अधीक हो जिसके लेकर लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस क्रम में बिहार राज्य स्वीप आईकॉन सुश्री मैथिली ठाकुर के द्वारा आज मुजफ्फरपुर के खुदीराम बोस स्टेडियम में संध्या 5:00 बजे से 7:00 बजे तक मतदाता जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरुक और प्रेरित करने के जिले में स्वीप गतिविधियों लगातार जारी है।

**हर घर दस्तक कार्यक्रम का भी आयोजनः** जिले के प्रखंडाधीन पंचायतों में आईसीडीएस एवं जीविका के माध्यम से सतत एवं प्रभावी रूप से वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया जा रहा है। हर घर दस्तक कार्यक्रम के तहत मुजफ्फरपुर एवं वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर घुम कर मतदाताओं को जागरुक एवं प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रभात फेरी, रंगोली, हस्ताक्षर अभियान ,शपथ कार्यक्रम, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का कार्यक्रम सतत रूप से संचालित हैं। इसी कड़ी में जिला स्तर पर आज को सुश्री मैथिली ठाकुर के मतदाता जागरूकता पर आधारित भव्य और आकर्षक कार्यक्रम रखा गया है। जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ICDS चांदनी सिंह और उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार को सभी आवश्यक व्यवस्था करने तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।



स्टेट स्वीप आईकॉन हैं मैथिली, खुदीराम बोस स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

# पिता का बिजनेस छोड़ चारों सदनों तक पहुंचे सुशील मोदी

## सुशील मोदी का सियासी सफर-बिहार भाजपा को फर्श से अर्श तक पहुंचाया

**पटना, एजेंसी।** सुशील मोदी बिहार की सियासत का वो चेहरा जिसने राज्य में पार्टी को फर्श से अर्श तक पहुंचाया। बिहार भाजपा के संस्थापक कैलाशपति मिश्रा के बाद से सबसे प्रभावशाली भाजपा नेता। बिहार भाजपा के संकट मोचक। सियासत का वो नाम जिसने अपने पिता की जमी-जमाई रेडिमेड कपड़ों के व्यापार की जगह सियासत के संघर्ष को चुना और अपने बूते सत्ता के शिखर तक पहुंचा। सुशील मोदी की गिनती बिहार के उन हरफनमौला सियासी प्लेयर्स में की जाती है जो सत्ता के चारों सदनों विधानसभा, विधानपरिषद, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य बने। सुशील मोदी ने अपनी कूटनीति और रणनीति से न केवल भाजपा को सत्ता का सहभागी बनाया बल्कि 2005 से 2013 तक लगातार राज्य के डिप्टी सीएम रहे। 2015 में जब नीतीश कुमार आरजेडी के साथ महागठबंधन में शामिल हो गए तो इस गठबंधन का पतन कर दोबारा एनडीए की सरकार बनाने का क्रेडिट भी सुशील कुमार मोदी को ही दिया जाता है। हालांकि इस दौरान सुशील मोदी ने वो दौर भी देखा जिस पार्टी को उन्होंने ताकत दी उसी के पोस्टर से उन्हें हटा दिया गया। सुशील मोदी अब नहीं रहे। सोमवार की देर रात वे कैंसर से जिंदगी की जंग हार गए।

**सबसे पहले सुशील मोदी का पॉलिटिकल करियर :** स्कूल के दौरान ही सुशील मोदी आरएसएस से जुड़ गए थे। जब कॉलेज पहुंचे तो यहां उन्होंने छात्र संघ का चुनाव लड़ा। 1973 में पटना यूनिवर्सिटी स्टूडडेंट्स यूनियन के जनरल सेक्रेटरी चुने गए। ये उनके सियासी सफर की औपचारिक शुरुआत थी।



### जेपी आंदोलन के लिए अपनी पढ़ाई कुर्बान कर दी

1974 में जब जय प्रकाश नारायण ने पटना से केंद्र की इंदिरा सरकार के खिलाफ आंदोलन का आह्वान किया तब सुशील मोदी पटना यूनिवर्सिटी में एमएससी के छात्र थे। जेपी के आह्वान पर उन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी और आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान वे 5 बार जेल भी गए। इमरजेंसी के दौरान जब उन्हें गिरफ्तार किया गया था तो वह 19 महीने तक लगातार जेल में थे।

### अभाविप के राष्टीय नेता बने

जेपी आंदोलन के बाद 1977 से लेकर 1986 तक मोदी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अलग-अलग पद पर रहे। इस दौरान उन्हें स्टेट ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, ऑल इंडिया सेक्रेटरी, इंचार्ज यूपी एंड बिहार और ऑल इंडिया जनरल सेक्रेटरी भी बनाया गया।

### 1990 में पहली बार विधायक बने

1990 में सुशील मोदी सुशील मोदी मेन स्ट्रीम पॉलिटिक्स में आ गए। 1990 में वे पहली बार पटना सेंट्रल विधानसभा (अब कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र) से चुनाव लड़े और जीत गए। इसके बाद 1995 और फिर 2000 में लगातार यहां से तीन बार विधायक बने। इस बीच 1996 से 2004 तक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे।

### दिल्ली जाते ही बिहार में कम हो गया था सुशील मोदी का कद

2017 के बाद से बिहार भाजपा की सियासत से सुशील मोदी को लगभग पूरी तरह आउट कर दिया गया था। 2020 में जब वे राज्यसभा सांसद बन गए थे तब स्थिति ये थी कि जिस बिहार भाजपा कार्यालय को उन्होंने संवारा था उसी कार्यालय में उनकी गाड़ी को एंट्री नहीं दी गई थी। उन्हें पैदल उतर कर अंदर जाना पड़ा था। इतना ही नहीं बिहार भाजपा के कार्यक्रमों के साथ भाजपा के पोस्टर से भी सुशील मोदी को पूरी तरह गायब कर दिया गया था। हालांकि एक बार फिर से नीतीश कुमार को महागठबंधन से एनडीए के पाले में लाने और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार में एनडीए की सरकार बनाने में सुशील मोदी की अहम भूमिका रही। उन्हें कोई पद मिलता इससे पहले ही उन्होंने अपने कैंसर होने की जानकारी दी थी।

### 2004 में सांसद 2005 में बिहार डिप्टी सीएम बने

2004 में पार्टी की तरफ से सुशील मोदी को भागलपुर से लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया और वे जीतने में सफल रहे। एक साल बाद 2005 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत हासिल हुआ। नीतीश कुमार राज्य के सीएम बने और सुशील मोदी को बिहार का डिप्टी सीएम के साथ वित्त मंत्री भी बनाया गया।

दोनों की ये जोड़ी 2013 तक बरकरार रही। इस बीच 2010 के विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की धमाकेदार जीत हुई। 2011 में जब जीएसटी लागू हुआ तो मोदी को जीएसटी पर बनी राज्यों के वित्त मंत्रियों की समिति का चेयरमैन बनाया गया।

### जब लगातार 48 पीसी कर महागठबंधन सरकार हिला दिया

2015 में जब बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो 2017 में, इस सरकार के पतन के पीछे सुशील मोदी मुख्य खिलाड़ी थे, उन्होंने बेनामी संपत्तियों और अनियमित वित्तीय लेनदेन के मुद्दे पर एक बाद एक 48 प्रेस कॉन्फ्रेंस की और लालू परिवार को पूरी तरह एक्सपोज कर दिया था। लेकिन जब 2017 में एनडीए की सरकार बनी तो सुशील मोदी को राज्य सरकार में कोई पद नहीं मिला। 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद उनकी जगह पर खाली सीट पर सुशील मोदी को बिहार से निर्विरोध राज्यसभा का सांसद चुन लिया गया था।

### चारों सदनों के लिए चुने गए बिहार के चुनिंदा नेता में शामिल हैं सुशील मोदी

एक निजी अखबार से बात करते हुए सुशील मोदी ने कहा था कि मैं पार्टी को मुझ पर विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 33 वर्षों में, मैं विधानसभा, राज्य विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा का सदस्य रहा हूं। मुझे तीन बार विपक्ष का नेता, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। सुशील मोदी एनडीए सरकार में लंबे समय तक वित्त मंत्रालय संभाला था।

### अरुण जेटली को अपना गुरु मानते थे सुशील मोदी

बीजेपी के एक नेता के अनुसार दिवंगत अरुण जेटली सुशील मोदी के अंतिम गुरु थे। लगभग उसी समय जब भाजपा में वाजपेयी-आडवाणी युग समाप्त हुआ था। एक बार जब जेटली चले गए, तो केंद्रीय पार्टी नेतृत्व में उनका कोई गुरु नहीं था। यही नहीं वह जीएसटी काउंसिल के सदस्य भी रह चुके थे।

**अधूरे रह गए सुशील मोदी के दो सपने :** सुशील मोदी के दो सपने अधूरे रह गए थे। सुशील मोदी भले चारों सदनों के सदस्य रह लिए हों लेकिन मुख्यमंत्री बनने का उनका सपना अधूरा रह गया। वे तीन बार बिहार के डिप्टी सीएम जरूर बने लेकिन कभी सीएम नहीं बन पाए। इसी तरह वे लोकसभा व राज्य सभा के सांसद जरूर बने लेकिन कभी भी केंद्र सरकार में मंत्री नहीं बन सके।

## संक्षिप्त समाचार

### चलती ट्रेन से युवक को मारा धक्का, खुद पहुंचा अस्पताल



**बांका, एजेंसी।** बांका के पिपराहडीह रेलवे हॉल्ट के पास चलती ट्रेन से एक युवक को धक्का मार कर नीचे गिराने का मामला सामने आया है। किसी को आसपास नहीं देखकर घायल युवक खुद से ही चल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक ने बताया कि वह गेट के पास बैठा था, इस दौरान किसी ने धक्का दे दिया। युवक की पहचान गोड्डा के कुर्मीचक गांव निवासी गंगा दास के बेटे रोहित दास के रूप की गई है। वह ट्रेन में भागलपुर से अपने घर गोड्डा जा रहा था। इस क्रम में पिपराहडीह रेलवे हाल्ट के पास भागलपुर-हंसडीहा रेल खंड पर घटना हो गई।

### गैस लीक के कारण दुकान में लगी आगपीड़ित ने बताया 30 हजार का हो गया नुकसान



**जमुई, एजेंसी।** जमुई के झाझा बाजार स्थित फास्ट फूड की दुकान में सोमवार को गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। दुकानदार ने दूर भाग कर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी ने पहले सिलेंडर में लगी आग को बुझाया फिर दुकान में लगी आग को भी बुझा लिया। दुकानदार राजेश कुमार ने बताया कि दुकान बंद कर गैस से रेगुलेटर खोल रहे थे। इस दौरान लीक होने से आग लग गई। इसमें दुकान में रखे 14 हजार रुपए समेत मोबाइल और अन्य सामान जल कर राख हो गया। घटना में 30 हजार रुपए से अधिक का नुकसान हो गया। वहीं घटना को लेकर लोगों ने बताया कि सूचना देते ही थाना परिसर में मौजूद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। एक घंटे में दमकल कर्मी ने आग पर काबू पा लिया। इसके साथ ही झाझा थानाध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पुलिस कर्मियों ने मुख्य बाजार से गुजरने वाले सभी वाहनों को रुकवाया। आग पर काबू पाने के बाद यातायात चालू किया गया।


### पुलिस ने पांच साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में पुलिस ने 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को एसपी हिमांशु कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि इनके पास से 1 चार पहिया वाहन, 24 डेबिट कार्ड, 4 लैपटॉप, 23 पासबुक, 17 सिम कार्ड और 8 मोबाइल बरामद किया गया। गुप्त सूचना मिली थी कि सदर थाना क्षेत्र के भवि साह शिवपुरी मोहल्ले के पास सफेद रंग की कार में कुछ लोग साइबर ठगी का काम कर रहे है। इसके बाद को टीम को स्थल पर भेजा गया। साइबर अपराधी पुलिस को देखते ही भागने लगे। उनको ओवर टेक करके सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं आगे कहा कि पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया जाएगा।

### बीएससी नर्सिंग कॉलेज में स्पोर्ट्स मीट का आगाज

**भागलपुर, एजेंसी।** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से संबद्ध बीएससी नर्सिंग कॉलेज में चार दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आगाज सोमवार से हो गया। पहले दिन कॉलेज के नर्सिंग छात्रों के बीच क्रिकेट, वॉलीबॉल, चेस व बैडमिंटन प्रतियोगिता के लीग मैच खेले गये। प्रतियोगिता का आगाज बीएससी नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य ने किया। ये प्रतियोगिता 16 मई तक चलेगी। इस दिन विभिन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों एवं टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

# 5वीं के छात्र मामले में एसआईटी गठित, अब तक पुलिस के हाथ खाली, विरोध में सड़क पर हो चुका प्रदर्शन



**गया, एजेंसी।** गया में 8 मई को वजीरगंज बाजार के रहने वाले 5वीं के छात्र मिहिर की डेड बॉडी मनैनी रेलवे ट्रैक पर मिला था। इस मामले में जिला पुलिस अब सक्रिय हुई है। अब तक वजीरगंज पुलिस ने केवल केस दर्ज किया था, लेकिन लोगों के सड़कों पर उतरने के बाद पुलिस की कार्रवाई में तेजी आई है। अब एसएसपी आशीष भारती ने एसआईटी गठित कर दी है।

### आवेदन के आधार पर अनुसंधान

एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि इस मामले में वादी विकास कुमार ने आवेदन है। जिसके आधार पर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वजीरगंज, वजीरगंज थानाध्यक्ष, वजीरगंज थाना के अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मी, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी को शामिल किया गया है। एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर भेजा गया है। विशेष टीम सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### हत्या का केस दर्ज, पुलिस के हाथ खाली

गौरतलब है कि 8 मई को मिहिर स्कूल बस से इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल गया था, लेकिन वह स्कूल से 8 बजकर 40 मिनट पर सीसीटीवी फुटेज में भागता दिखाई दे रहा है। इसके 4 घण्टे बाद उसकी डेड बॉडी स्कूल से 5 किलोमीटर दूर मनैनी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। वह स्कूल से क्यों भागा, रेलवे ट्रैक तक वह कैसे पहुंचा, उसकी हत्या कैसे और किसने की इस बात की जानकारी अब तक पुलिस नहीं जुटा पाई है। वजीरगंज पुलिस स्कूल संचालक को भी अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि मृत छात्र के पिता ने स्कूल संचालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करा रखा है।

# प्रखंड प्रमुख के बेटे को घेरकर मारीं 6 गोलियां, मौत

## आरा में घर से ब्लॉक जा रहा था; पिता बोले- किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी



**भोजपुर, एजेंसी।** आरा में देर रात प्रखंड प्रमुख के बेटे की गोली मार हत्या कर दी गई है। हथियारबंद अपराधियों ने बाइक सवार युवक को घेर कर 6 गोलियां मारीं। गोलीबारी में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वो घर से ब्लॉक जाने के लिए निकला था। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर चिमनी भट्ठा के पास की है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव वार्ड नंबर 13 निवासी रमई राम सह सदर प्रखंड की प्रमुख जय कुमारी का 25 साल का बेटा अखिलेश कुमार है। वह अपनी मां के साथ ही सदर प्रखंड में काम करता था। अखिलेश को कुल 6 गोलियां लगी है। दो गोली बाएं साइड सीने, एक गोली बाएं साइड कान के पीछे, एक गोली गाल के नीचे और दो लगी सिर में लगी है। पिता रमई राम ने बताया कि वह हर रोज की तरह सोमवार की सुबह भी बाइक से सदर ब्लॉक जाने के लिए घर से निकला था और उसे सोमवार शाम तीन बजे तक ब्लॉक में देखा गया था। इसके बाद वह वहां से कहां गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं थी। इसी बीच देर रात गांव का चौकीदार उनके घर पहुंचा और कहा कि आपके बेटे को गोली लग गई है। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पिता ने किसी से दुश्मनी से इनकार किया है। इसके अलावा उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार की आशंका और आरोप नहीं लगाया है। हालांकि प्रमुख पुत्र की गोली मारकर हत्या किसने और क्यों की।

इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। अखिलेश अपने तीन भाई और तीन बहनों में तीसरे नंबर पर था। उसके परिवार में मां जय कुमारी,दो भाई अरविंद, शैलेश और तीन बहनें राजकुमारी देवी, किरण कुमारी,गीता कुमारी हैं।

# सिम बेचने वाले युवक से की लूटपाट, बुरी तरह पीटा

## बाइक से घर लौट रहा था पीड़ित, रेलवे हॉल्ट के पास चार बदमाशों ने घेरा



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सोमवार की देर शाम बदमाशों ने एक युवक के साथ लूटपाट की। मामला रहुई थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहसराय हॉल्ट के समीप का है। लूटपाट के दौरान बदमाशों ने युवक के साथ लोहे के पंजे से मारपीट भी की जिसके वह जख्मी हो गया। डायल 112 पुलिस की मदद से युवक को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। युवक नालंदा थाना क्षेत्र के बड़गांव निवासी योगेंद्र सिंह का (20) वर्षीय पुत्र गोलू कुमार है। जख्मी युवक ने बताया कि वह घूम-घूम कर सिम बेचने का काम करता है। रहुई बाजार से सिम बेचने के उपरांत वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच रहुई थाना क्षेत्र के सोहसराय रेलवे हॉल्ट के समीप 4 बदमाशों ने उसे रोक लिया और लूटपाट करने लगा। वह उन लोगों से विनती करने लगा कि उसका सारा सामान ले जाए और पर उसके साथ मारपीट न करें। हाथ में लोहे का पंजा पहन कर उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की, जिसके कारण उसके शरीर में जगह-जगह जख्म के निशान हो गए। बदमाशों ने उसकी बाइक भी लूट ली, हालांकि कुछ दूर आगे ले जाकर बाइक को सड़क किनारे हैंडल लॉक कर खड़ा कर दिया।

### पुलिस से मदद मांगी

किसी तरह उसने हिम्मत जुटाया और कुछ दूर पर खड़ी डायल 112 पुलिस से मदद की गुहार लगाने पहुंचा। पुलिस को पहले संदेह हुआ कि उसने शराब पी रखी है हालांकि जब उसके शरीर पर जख्म के निशान दिखा तो 112 पुलिस उसे इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल लेकर पहुंची और युवक के परिजनों को घटना की जानकारी दी। बदमाशों ने युवक के पास से 300 रुपए नगदी और उसका मोबाइल लूट लिया। रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि बाइक और मोबाइल को बरामद कर लिया गया है। युवक के बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, लोगों ने किया विरोध

**मोतिहारी, एजेंसी।** रामगढ़वा से रक्सौल जाने वाली एनएच पर भलूअहिया चौक के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामगढ़वा थाना क्षेत्र के गुरहनवा गांव निवासी मदन राउत उम्र 50 साल चिमनी में मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। भलुअहिया के पास एनएच को पार करने के दौरान तेज रफ्तार से आ रहे एक स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। घटना से गुस्साए लोगों ने चालक की गिरफ्तारी को लेकर कुछ एनएच जाम कर दिया। मौके पर पहुंची रामगढ़वा थाना की पुलिस ने लोगों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोतिहारी भेजा दिया। मृत व्यक्ति की पहचान मदन पटेल के रूप में की गई है। वह रेलवे ढाला से सतपिपरा जाने वाली सड़क में स्थित हाफिज के चिमनी में मजदूरी का काम करता था। वहां जाने के दौरान घटना हो गई।




# जर जोन में पटना के 40 होटल; एक महीने की मोहलत, सुधार नहीं होने पर होंगे सील

पटना, एजेंसी। फायर ऑडिट में पटना के 74 होटल-रेस्टोरेंट संवदेनशील तथा 40 खतरनाक श्रेणी में पाए गए हैं। अग्निशमन विभाग ने पटना के 560 होटल व रेस्टोरेंट का फायर ऑडिट कराया, जिसमें यह आंकड़ा सामने आया। इन सभी को अधिकतम एक महीने की मोहलत दी गई है ताकि ये सभी आधारभूत संरचना समेत अन्य स्तर पर मानक के अनुरूप जरूरी बदलाव कर सकें। हाल ही में पटना जंक्शन गोलंबर के पास मौजूद एक होटल में हुए अग्निकांड में आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

इसके बाद अग्निशमन विभाग होटल, कोचिंग संस्थान, अस्पताल, मॉल समेत अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का अलग-अलग फायर ऑडिट कर रहा है। निर्धारित अवधि के बाद इन होटलों की फिर से जांच की जाएगी। दोबारा गड़बड़ी पाए जाने पर ऐसे होटलों को सील किया जाएगा या इन पर जुर्माना लगाया जाएगा। मानक का पालन नहीं करने वाले होटल या व्यावसायिक भवनों पर 16 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से जुर्माना किया जा सकता है।

इन मानकों का करना होगा पालन अग्नि सुरक्षा को लेकर होटलों को कुछ प्रमुख मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। इसमें सभी बड़े या मध्यम आकार के होटलों को फायर हाईड्रेंड लगाना अनिवार्य होगा। पैसेज और मुख्य स्थानों पर स्प्रिंकल, ऑटोमेटिक फायर अलार्म, छत पर बड़ी पानी की टंकी के अलावा होटल के अंदर सभी स्थानों पर साइनेज या रास्ता बताने वाले बोर्ड समेत अन्य जरूरी चीजें लगानी होगी। पोर्टेबल फायर फाइटिंग उपकरण भी लगाने के लिए कहा गया है।

सबसे महत्वपूर्ण ज्वलनशील पदार्थों को रखने के लिए एक एलपीजी बैंक बनाना है। इस स्थान को थोड़ा गड्ढा करके बनाया जाता है, जहां से एलपीजी गैस की टंकी को रखकर यहीं से सप्लाई की जाती है। सभी होटल संचालकों को आग से बचाव के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। मॉक ड्रिल भी कराए जा रहे हैं। शहर के सभी छोटे-बड़े कोचिंग संस्थान, निजी शिक्षण या ट्रेनिंग संस्थानों का भी फायर ऑडिट कराया जाएगा। इसे भी जल्द ही अमलीजामा पहनाने की जुगत में अग्निशमन विभाग लगा हुआ है। इसका समुचित ऑडिट कराने के बाद इनमें भी मानकों का पालन कराया जाएगा। कुछ महीने पहले विभाग के स्तर से इनका ऑडिट कराया गया था। उस समय अधिकांश संस्थानों में सुरक्षा से जुड़े मानक नहीं पाए गए थे। अब फिर से इनकी जांच कर आगे की कार्रवाई होगी।

अग्निशमन एवं होमगार्ड विभाग की डीजी शोभा ओहटकर ने कहा कि होटलों का फायर ऑडिट कराया गया है। मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने वालों होटल संचालकों को एक महीने में सुधार करने की मोहलत दी गई है। सुधार नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। होटल को सील तक किया जा सकता है।

# नीदरलैंड से आए विदेशी जोड़े ने लिया जंगल सफारी का आनंद

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



वीटीआर की प्राकृतिक खूबसूरती न सिर्फ देशी बल्कि विदेशी सैलानियों को भी लुभा रही है।वीटीआर जहां सैलानियों के लिए रोमांच भरे पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन गया है, वहीं विदेशी सैलानी यहां की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य से आकर्षित होकर खिंचे चले आते हैं। सोमवार को नीदरलैंड से आए विदेशी जोड़े ने जंगल सफारी का आनंद लिया। जार्ज एवं उनकी धर्म पत्नी जोलिंडा ने जंगल सफारी के दौरान वन्यजीवो का दीदार किया। वे टाइगर रिजर्व के अद्भुत नजारे से काफी आकर्षित हुए। उन्हे

यहां का जंगल खूब भाया। विदेशी टूरिस्ट के आने से गाइडों में खुशी का माहौल रहा। यहां का जंगल उन्हें बहुत पसंद आया है। उनका कहना है कि उन्होंने बीते वर्षों में भारत के कई जंगल देखे हैं लेकिन वीटीआर की खूबसूरती अलग ही है। जंगल सफारी का आनंद लेकर जंगल की प्राकृतिक सुंदरता के अलावा वन्यजीवों की स्थिति को करीब से देखा।

गाइड ने बताया कि विदेशी सैलानी वीटीआर की प्राकृतिक संदुरता देख मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने जंगल कैंप में रात्रि विश्राम किया। दोनों ने रात्रिभोज में स्थानीय व्यंजनों का स्वाद चखा। विदेशी पर्यटक तीन दिवसीय दौरे के तहत वीटीआर पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि भारत के जंगलों से उन्हें बेहद लगाव है। इससे पूर्व वे कई सेंचुरी का भ्रमण भी कर चुके हैं। वीटीआर को सबसे खूबसूरत बताया। इस बाबत वाल्मीकिनगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि वीटीआर की समृद्ध जैव विविधता और यहां का प्राकृतिक सौंदर्य भारतीय और विदेशी सैलानियों को हमेशा आकर्षित करता है। यही कारण है कि साल दर साल यहां पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

नए पर्यटन सत्र के बाद इस बार पूर्व की अपेक्षा सैलानियों की आमद अधिक रही। इसके पीछे बाघों की अधिक मौजूदगी अहम वजह है। बिहार के अलावा दूरदराज राज्यों से भी सैलानी यहां आ रहे हैं। इस बार अब तक एक दर्जन से अधिक विदेशी सैलानी वीटीआर भ्रमण पर आ चुके हैं।

# नाबालिक बच्ची को चार दिन कैद कर किया गया गैंगरेप

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

- बेहोशी का इंजेक्शन देकर चार दिन तक लगातार किया गया गैंगरेप, बाद में धमकी देकर छोड़ा मामले संज्ञान में आने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

रक्सौल से दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। नशे का इंजेक्शन देकर 12 साल की लड़की को कैद में रखा गया और यहां उसके साथ कई बार गैंगरेप किया गया। पीड़िता के शरीर पर कई जगह इंजेक्शन के निशान मिले है। हवस के नशे में चुर आरोपियों ने लड़की का गैंगरेप तो किया ही, उसके परिजनों को यह धमकी देते हुए लड़की को छोड़ा कि यदि किसी से घटना के बारे में चर्चा भी की तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। हालांकि अब पूरा मामला पुलिस के सामने है और घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को रक्सौल की एक नाबालिग लड़की को बहला -फुसला कर हरदीया पंचायत के वार्ड नंबर 5 निवासी सलाउदिन अंसारी के पुत्र सौहेल अंसारी व उसके सहयोगी नवका टोला के ही जितेन्द्र कुमार के द्वारा अगवा कर लिया गया। इसके बाद अपने कुछ सहयोगियों के साथ उसे अज्ञात जगह ले जाकर उसके साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया। रविवार की शाम आरोपियों ने पीड़िता को रामगढ़वा लाकर छोड़ दिया और उसके परिजनों को बुलाकर बच्ची को सौंप दिया। साथ ही, यह धमकी भी दी कि वह इस बारे में किसी को कुछ नहीं बताए। हालांकि लगातार बच्ची के प्राइवेट पार्ट से हो रहा रक्त स्त्राव रूकने का नाम नहीं ले रहा था, इसके बाद उसके परिजन उसे थाना लेकर आये और मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी सौहेल अंसारी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि उपचार के लिए पीड़िता को अनुमंडल अस्पताल में भेजा गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर पर रेफर कर दिया गया है। पीड़िता के मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इस मामले को लेकर रक्सौल थाना में कांड संख्या 167/24 दर्ज करते हुए फरार आरोपी और इसमें सहयोग करने वाले लोगों की तलाश की जा रही है। इधर, एसकेएमसीएच अस्पताल में पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है।

## बच्चों के विवाद को लेकर रड से मारकर किया घायल

चाणक्य मूमि,बैरिया



- बैरिया थाना में आवेदन देकर लगाई न्याय कि गुहार

बैरिया थाना क्षेत्र के आसाराम पटखौली गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। बैरिया थाने में आवेदन देकर सरोज देवी ने बताई कि मेरे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। मैं अपने बच्चे को रोते हुए देख पूछने गई। तो पड़ोसियों ने रड से एका-एक मेरे ऊपर प्रहार कर दिया इस कारण मेरा माथा फट गया। और मेरे पति मुकेश महतो आकर मुझे सरकारी हॉस्पिटल बेतिया में लेकर भर्ती कर दिए। अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा इलाज किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि जब हम अस्पताल में इलाज कर रहे थे। तभी पुनः मेरे घर में जाकर मेरे बच्चों को पिटाई कर दिया। जिससे मैं और मेरे बच्चा दोनों घायल हो गए पुलिस को आवेदन देते हुए उन्होंने बताएं कि गांव के भानु यादव,किशन यादव,लता देवी,बसंती देवी,वीरेंद्र महतो सहित 6 लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया इस मामले में बैरिया पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।






## देशी शराब समेत दो धंधेबाज सहित दो पियक्कड़ गिरफ्तार

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

मानपुर पुलिस ने मंगलवार को गस्ती के दौरान कुल पाँच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो शराब धंधेबाज सहित दो शराब पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । मानपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया की इंडो नेपाल बोर्डर पाँच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अजय कुमार और दुसरा अभियुक्त पेहवारी निशाद दोनों साकिन बन बैरिया थाना सहोदरा को दोनों अभियुक्त को पाँच लीटर देशी चुलाई शराब के साथ और तीसरा अभियुक्त नन्द किशोर साकिन पुरैनीया और चौथा अभियुक्त छठू सहनी साकिन कमलानागर दोनो थाना मानपुर को शराब सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है । न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सुशील मोदी के निधन पर शोक की लहर

चाणक्यभूमि बेतिया



- डॉ संजय जायसवाल ने सुशील मोदी के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि नीतीश कुमार के साथ मिलकर उन्होंने नया बिहार बनाया

पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व स्थानीय सांसद डॉ जायसवाल ने गहरी संवेदना प्रकट की है। रक्सौल के ग्राम पंचायत नकरदेइ में आयोजित शोकसभा में उन्होंने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं व आम जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार के लिए आज बहुत ही दुखद दिन हैं. सुशील मोदी जी निधन से न केवल भाजपा बल्कि बिहार की राजनीति को भी झटका लगा है। उनके जाने से यहां की राजनीति में जो शून्य उभरा है उसे जल्द पूरा नहीं किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि याद करें तो की 2005 से पहले के बिहार की हालत कितनी भयावह थी। शाम ढलने के बाद किसी हिम्मत नहीं होती थी कि किसी गांव में जा सके। शाम को 5 बजते ही लोग अपने अपने घरों में सिमट जाते थे। लेकिन 2005 में एनडीए की सरकार बनी और स्थितियों में क्रांतिकारी सुधार हुआ। माननीय नीतीश कुमार और सुशील कुमार मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में ऐसी सरकार बनी कि 6 महीने के भीतर ही बिहार के सारे क्रिमिनल सारे ग़लत लोग या तो जेल में चले गये या बिहार छोड़ कर भाग गये या एनकाउंटर से मारा गया और 6 महीने के भीतर पूरे बिहार में इतना शांति का वातावरण कायम हो गया।

उन्होंने कहा कि पहले हम सब के पूर्वी चंपारण के इलाक़े में नक्सलाइट लोग का इतना आतंक रहता था कि न तो खेत और न ही लोग महफ़ूज़ रहते थे। किसके घर में लूट हो जाए, किसके घर में डकैती हो जाए और कहाँ से बच्चा उठा लिया जाये, यह किसी को पता नहीं होता था।ख़ासकर हमारे पश्चिम चंपारण में बस की किडनैपिंग तक हो जाती थी. वैसी भयावह परिस्थिति में सुशील कुमार मोदी जी ने नीतीश कुमार जी के साथ मिलकर एक नया बिहार बनाया।

डॉ जायसवाल ने कहा कि वित्त मंत्री के अपने 15 साल के कार्यकाल में सुशील मोदी जी ने बिहार का बजट दस गुणा अधिक कर दिया। उनकी सूझ-बुझ और नीतियों से बिहार सबसे तेज़ी से विकास करने वाला राज्य हो गया। 2005 से पहले जहां प्रति व्यक्ति की सालाना आय महज 11000 रु यानी 1000 रु से भी कम थी वहीं आज यह 50000 रु से अधिक हो गयी है। उन्होंने बिहार को जिस ढंग से चलाया उसके लिए सदैव बिहार की जनता उनके लिए एहसानमंद रहेगी।

# सिकरहना नदी में डूबने से दो किशोरियों की मौत

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

- नहाने के क्रम में हुआ हादसा
- एसडीआरएफ की टीम के कड़ी मशक्कत के बाद मिला एक लड़की का शव
- मझौलिया के सेमराघाट वार्ड 6 की घटना
- मौके पर पहुंची मझौलिया पुलिस

तिरूवाह क्षेत्र बरवां सेमराघाट पंचायत के वार्ड 06 स्थित सेमरा में सिकरहना नदी में डूबने से दो किशोरियों की मौत हो गई है।जानकारी पंचायत के मुखिया शौकत अली ने दी।उन्होंने बताया कि घटना सोमबार की अपराहन की है।उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम सिकरहना नदी में शव की तलाश में जुट गयी है। बताया गया है कि दोनों लड़किया सिकरहना नदी के तरफ बकरी चराने गई थी।उसी दौरान सिकरहना नदी में स्नान करने गयी। नहाने के क्रम में दोनो डूब गई । डूबी लड़कियों में एक का नाम कुशुनतारा (10)वर्ष और तो दूसरे का नाम जिनतारा खातून (12) वर्ष है ।दोनो लडकिया शाम को घर वापस नही लौटी तो अभिवावकों ने खोजबीन शुरू की।बाद में उनकी सहेलियों ने बताया कि दोनों एक साथ सिकरहना नदी में स्नान कर रहीं थी।

एसडीआरएफ की टीम के साथ ग्रामीण गोताखोर तलाश में जुटे है। 08 घंटे के खोजबिन के बाद कुसुमतारा का शव मिला।दूसरे शव की तलाश जारी है।इलाके में इस घटना को लेकर हलचल है।सेमरा घाट पर बड़ी संख्या में लोग जुटे है।

डूबी लड़की जिनतारा के अब्बा का नाम शेख रोगी तथा कुसुमतारा के अब्बा का नाम शेख बिस्मिल्लाह है।दोनो सेमरा वार्ड 6 के बसिंदे है।परिजनों का रोते रोते बुरा हाल है।









# नाला निर्माण में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

चाणक्यभूमी योगापट्टी



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत मच्छरगांवा के वार्ड नंबर एक देवघरवा गांव में नाला निर्माण कार्य में अनियमित को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रकलन के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा। बिना स्टीमेन्ट बोर्ड लगाए जैसे-तैसे कार्य किया जा रहा है। जहां स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा निर्माण कार्य रोक हंगामा किया। ग्रामीण मुन्ना मिश्रा,जितेंद्र मिश्रा,धीरज मिश्रा,अतुल मिश्रा,नीरज मिश्रा सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि नाला निर्माण कार्य में मानक के ताक पर रख कर। वार्ड सदस्य दिलीप कुमार के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का बिना मापी कराये नाला की खुदाई कार्य शुरू कर दी गई। नाल निर्माण कार्य एस्टीमेट के अनुसार गुंजन मिश्रा के घर से सुमन पाण्डेय के घर तक निर्माण करना था। लेकिन वार्ड पार्षद मनमानी ढंग से निर्माण स्थल से 50 फीट छोड़कर आगे से नल की खुदाई कर रहे थे। सड़क किनारे जाहा गैर मजरुवा भूमि है। वहां खुदाई नहीं कर कर अपने सुविधा के अनुसार नाला का निर्माण कर रहे हैं। जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि देवघरवा गांव में नाला निर्माण कार्य बिना प्राक्कलन राशि बोर्ड लगाए हुए हो रहा यह सरासर गलत और मनमानी है। इस बाबत वार्ड पार्षद दिलीप कुमार ने बताया कि काम को रोक दी गई है। नापी के बाद नाला निर्माण कार्य कराया जाएगा। नगर परिषद के अधिकारी ने बताया कि इसकी जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

## नाबालिक के साथ छेड़खानी मामले में एफआईआर दर्ज

चाणक्य भूमि बैरिया




बैरिया थाना क्षेत्र में चालीस वर्षीय अधेड़ के द्वारा नाबालिक लड़की के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है।थानाध्यक्ष के अनुसार इस मामले पिडित लड़की के पिता के ब्यान एफआईआर दर्ज कर ली गई है । जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम पीड़िता का भाई आरोपी संजय चौधरी के घर मे मोबाइल पर फिल्म देखने गया था। कुछ देर बाद छात्रा भी वहाँ पहुँच गयी । भाई थोडी देर मे वहाँ से फिर अपने घर वापस आ गया मगर छात्रा वही रह गयी । इसी क्रम मे आरोपी संजय ने छात्रा को पैसे देने का लालच देकर उस तेरह वर्षीय लड़की के साथ गलत हरकत करने लगा ।

वह उसके साथ जबरदस्ती का प्रयास करने लगा जिससे पीड़िता चिल्लाने लगी जिसपर आरोपी ने उसे छोड दिया, बच्ची रोते हुए घर वापस आयी । उसने इस घटना के बारे मे अपने परिजनों को बतायी ।

तब तक आरोपी अपने घर से फरार हो चूका था । इस घटना ने सामाजिक रिश्ते को भी शर्मसार कर दिया है । इस घटना को लेकर उक्त टोला मे तनातनी बनी हुई है।हालांकि पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।









# इनरवा पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार



चाणक्य भूमि मैनाटांड़

इनरवा पुलिस ने मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर दो व्यक्ति को 3 किलो 150 ग्राम गाँजा के साथ इंडो नेपाल बोर्डर के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना इनरवा अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि 3.150 किलो ग्राम गाँजा के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मनोज प्रसाद यादव एकटँगा जिला परसा नेपाल दुसरा अभियुक्त लालबाबू भारती ग्राम पटकहिया थाना बलथर जिला बेतिया के रूप में किया गया है । जिसे प्रथिमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।


## मझौलिया में वाहन जांच अभियान तेज

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

- 1550 लोगो पर धारा 107 की निरोधात्मक कार्रवाई

मझौलिया थाने की पुलिस ने आदर्श आचार संहिता का पालन शत प्रतिशत कराने तथा सार्वजनिक स्थलों पर धारा 144 के तहत निधेधज्ञा लागू करने के उद्देश्य से पुलिसिया कार्यवाही तेज कर दी है।थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के बॉर्डर इलाकों समेत सार्वजनिक स्थलों चौक चौराहों पर वाहन जांच अभियान तेज कर दिया गया है।विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा कार्यालय एवं प्रचार प्रसार के लिए अनुमति प्राप्त वाहन के कागजातों की जांच करते हुए पुलिसिया कार्यवाही तेज कर दी गई है। वहीं सार्वजनिक स्थलों पर बेवजह भीड़ लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने सोशल मीडिया पर गलत प्रचार प्रसार करने की निगरानी हेतु एक सेल का गठन किया गया है। अधिकारी सदा लिवास में तैनात किए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों पर भादवि की धारा 144 के तहत कार्रवाई किया जा रहा है। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं युवा वर्ग के युवाओं से अपील किया है कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पुलिस को सहयोग करें अन्यथा बाध्य होकर कार्यवाही करना पड़ जाएगा

थाना अध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए अब तक 1550 लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है 325 वाहन मालिकों को 21 मई को एमजेके कॉलेज में वाहन जमा करने हेतु नोटिस भेज दिया गया है ।उन्होंने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी न्यायालय द्वारा 107 की नोटिस जिन लोगों को दिया गया है उनका थाना पर ही बाउंड भरा जाएगा बेतिया अनुमंडल कोर्ट का दौर नहीं लगाना पड़ेगा।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714